# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अगस्त 2019




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## वृक्षारोपण महाअभियान "मोर पेड़ मोर जीनगानी" के अभियान से जुड़ने के लिए बड़ी तिथि, अब सितंबर तक कर सकेंगे सेल्फी अपलोड

भिलाईनगर/वृक्षारोपण पुरस्कार प्रतियोगिता मोर पर मोर जीनगानी के लिए 15 अगस्त के स्थान पर 15 सितंबर तक का समय बढ़ाया गया है ताकि अधिक से अधिक और लोग इससे जुड़ सकें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण भिलाई शहर के भीतर हो सकें, 10 अगस्त तक वृक्षारोपण कर सेल्फी अपलोड करने का मौका दिया गया था जो अब 10 सितंबर तक अपलोड किया जा सकेगा एवं चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए 15 सितंबर को पुरस्कार दिया जाएगा! आयुक्त एसके सुंदरानी ने अभियान की सफलता को देखते हुए तिथि को आगे बढ़ाने का फैसला लिया है!
महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने आगामी वर्षा ऋतु में किए जाने वाले वृक्षारोपण को लेकर जन सहभागिता को जोड़ते हुए अभियान चलाने के निर्देश दिए है!जिस पर आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने समस्त जोन आयुक्त एवं विभागीय अधिकारियों को वृक्षारोपण के लिए जन जागरूकता लाने के लिए आदेशित किया है!



# निगम भिलाई क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया हरेली तिहार`

भिलाईनगर/छ0ग0 शासन के निर्देश पर नगर पालिक निगम, भिलाई ने हरेली तिहार पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ भारी जनसमुह के बीच मनाया। उत्सव का मुख्य कार्यक्रम सामुदायिक भवन मैदान खुर्सीपार, एवं दशहरा मैदान रिसाली में आयोजित किया गया जहां महिला, पुरुष एवं बच्चों गेड़ी, कुर्सी दौड़, कबड्डी खेल में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किये। कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व-सहायता समुह एवं आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता द्वारा लगाये गये छत्तीसगढ़ी व्यंजन के स्टाल में उपस्थित जन समुह ने ठेठरी, खुरमी, अनर्सा, फरा, चीला, चौसेला आदि व्यंजनों का लुप्त उठाया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें धरती के श्रृंगार राजनांदगांव एवं चंदेनी चंदा द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी नृत्य, गीत एवं प्रहशन का लोगों ने खुब प्रशंसा की। सामुदायिक भवन मैदान खुर्सीपार में आयोजित कार्यक्रम में भिलाई नगर विधायक एवं महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर गेड़ी, रापा, कुदारी की पूजा कर कार्यक्रम प्रारम्भ किये खेल के प्रति बच्चों में रुझान पैदा करने के लिए देवेन्द्र यादव कबड्डी के खेलने के लिए मैदान में उतरे और लगातार 45 मिनट तक कबड्डी, गेड़ी एवं कुर्सी दौड़ खेल में भाग लिये।



# वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने एवं दुर्गुण रहित भिलाई बनाने छात्र-छात्राओं ने लिया संकल्प

भिलाईनगर/ वाटर हार्वेस्टिंग एवं दुर्गुण रहित भिलाई अभियान के तहत् कार्यशाला का आयोजन शकुन्तला विद्यालय रामनगर के सभागार में की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला न्यायालय के फैमली कोर्ट के न्यायाधीश श्री निर्मल मिंज, विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री राहुल शर्मा एवं नगर निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी उपस्थित रहे। नशा मुक्त, खुले में शौच मुक्त, पाॅलीथीन मुक्त, मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम, वाटर हार्वेस्टिंग की महत्ता, कचरा मुक्त, स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई बनाने के लिए दुर्गुण रहित भिलाई अभियान नगर निगम, भिलाई एवं जनसुनवाई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में चलाया जा रहा है। छात्र जीवन राष्ट्र की उन्नति में सहायक है – मिंज कार्यशाला में उपस्थित न्यायाधीश श्री मिंज ने बच्चों को समाज व राष्ट्र की नींव बताते हुए कहा कि हमारी यूवा पीढ़ी राष्ट्र की धरोहर हैं जिसमें छात्र जीवन सबसे महत्वपूर्ण है।



# स्वतंत्रता दिवस के 73वें वर्षगाठ पर नगर पालिक निगम, भिलाई में पूरे सम्मान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा

भिलाईनगर/ स्वतंत्रता दिवस के 73वें वर्षगाठ पर नगर पालिक निगम, भिलाई में पूरे सम्मान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा। सुपेला निगम कार्यालय प्रांगण में महापौर एवं विधायक देवेन्द्र यादव, आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने ध्वजारोहण के अवसर पर 25 वर्ष सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किये। स्वच्छता में भिलाई का स्थान देश में 11वें नम्बर पर रहा है हमारी कोशिश भिलाई को पहले नम्बर पर लाने की होनी चाहिए जिसके लिए संयुक्त प्रयास आवश्यक है। आयुक्त श्री रघवंशी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहने को कहा। उद्बोधन के पूर्व महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी, अधीक्षण अभियंता आर0के0 साहू, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, टी0पी0 लहरे, सहित सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के पश्चात् राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। राष्ट्रगान के बाद राजदीप वैष्णव,





## ई-गवर्नेस परियोजना के लिए अधि.कर्म. को दिया गया प्रशिक्षण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाइ़ के महत्वपूर्ण विभागों के कार्यो को ई-गवर्नेस परियोजना के अंतर्गत जोड़ा जाना है। जिसके तहत् urbanecg.gov.in नाम से वेबसाईट बनाया गया है। जिसमें नगर निगम भिलाई के लेखा शाखा, संपत्तिकर विभाग, राजस्व विभाग, स्टोर शाखा, कम्प्यूटर शाखा, विधि विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों के कार्यो और डाटा को आॅनलाईन पद्धति से जोड़ा जाना है। जिसका प्रशिक्षण सूडा के द्वारा अधिकृत वेंडर के प्रतिनिधियों के द्वारा भिलाई निगम के अधिकारी, कर्मचारियों को दिया गया। प्रशिक्षण आज भिलाई निगम के मुख्य कार्यालय के सभागार में दिया गया। इस योजना और वेब ऐप्लीकेशन के माध्यम से भिलाई निगम के समस्त विभाग के डाटा एक जगह आनलाईन हो पाएगा। ई-गवर्नेस के माध्यम से नागरिकों के द्वारा अपने महत्वपूर्ण कार्य को इस वेबसाईट में जाकर आनलाईन आवेदन किया जा सकेगा और निगम की विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का लाभ आनलाईन के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा।



## स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के लिए आयोजित की गई कार्यशाला

भिलाईनगर/ स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में भिलाई को नंबर वन बनाने की तैयारी में निगम प्रशासन जुट गया है। नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी एवं व्यवस्था में तेजी लाने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए है। सड़को की सफाई, वाॅटर ट्रीटमेंट एवं सफाई कार्यों के बेहतर डाॅक्यूमेंटेशन करना तथा निदान 1100 एवं स्वच्छता एप की शिकायतों का अतिशीघ्र निपटारा करने के संबंध में कार्यशाला आयोजित कर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों को जानकारी दिया गया। भिलाई निगम के सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने कार्यशाला आयोजित हुआ। जनवरी 2020 में भिलाई निगम क्षेत्र में सर्वेक्षण के लिए सर्वेक्षण टीम आ सकती है, इसकी तैयारी के लिए विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंड सफाई एवं कचरा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी कार्यशाला में दी गई। पीएमयू हरीश ठाकुर ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण की गतिविधियां शुरू हो चुकी है, प्रतिदिन किए जा रहे कार्यों का मासिक डाटा निर्धारित समय पर अपलोड किया जाना है। डोर टू डोर सफाई, गीले एवं सूखे कचरे का शीघ्र ही निपटान करने आवश्यक जानकारी दिए।



# प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी प्रतिमाओं का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ नगर निगम की उड़नदस्ता टीम ने आज शहर के प्रमुख बाजारों में प्रतिमा विक्रय वाले स्थानों पर निरीक्षण किया। सुपेला चौक, पाॅवर हाउस व रायपुर नाका में गणेश प्रतिमा बेचने वाले मूर्तिकारों के यहां निरीक्षण किए इस दौरान रास्ता बाधित करने वाले एक दुकानदार पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की गई। केम्प- 02 पाॅवर हाउस मार्केट के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, एक्सपायरी पेय एवं खाद्य पदार्थ, खुले में टायर रखने पर कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड वसूल किया और एक्सपायरी सामान जब्त कर विनिष्टीकरण किया साथ ही दोबारा इस प्रकार से न करने की समझाईस दी गई। के.एन. मोहनराव, जीतू आर्ट, राजू यादव, राकेश गुप्ता, राहूल गुप्ता, मीना देवी, रामापाल, धरमवीर शर्मा, राजकिशोर, राजकुमार विश्वकर्मा, सुपेला बाजार में मीना देवी द्वारा रास्ता घेरकर दुकान लगाया गया था जिस पर उड़नदस्ता की टीम ने 1000 रूपए का अर्थदण्ड वसूलने की कार्यवाही की तथा सड़क बाधा से दुकान को हटाने मोहलत दी गई।



# शासकीय कर्मचारियो का विदाई समारोह

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई से अर्द्धवार्षिकीय आयु पूर्ण करने वाले 10 अधिकारी/कर्मचारी जिसमें मूर्तिलाल शर्मा सहायक राजस्व अधिकारी, गोपाल दास ग्वाल सहायक ग्रेड-03, विसम्भर यादव वाहन चालक, श्रीमती शांति बाई ठाकुर स्वच्छता पर्यवेक्षक, होरीलाल वर्मा समयपाल/कार्य सहायक ग्रेड-02, प्रताप सिंह वर्मा पम्प सहायक, जमुना देवी भृत्य, गुलाबचंद चौकीदार, श्रीमती इन्दुबाई सफाई कामगार, देवीलाल फिल्ड वर्कर को निगम सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव, सभापति पी श्याम सुंदर राव, स्थापना प्रभारी श्रीमती सुभद्रा सिंह, आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, तरुण पाल लहरे, ने शाॅल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, एवं देय राशि का चेक प्रदान कर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों ने भावभीनी बिदाई दी।




**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई